संख्या- 22/2016/1993/71-1-2015-जी-159/2009

प्रेषक,

जयवीर सिंह,
अनु सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनॉक 22 फरवरी, 2015

विषय:- राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर हेतु एम0सी0आई0 के नवीन मानकों के अनुसार चिकित्सा शिक्षकों के पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एमई-1/2015/3444, दिनॉक 08-09-2015 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राजकीय मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर हेतु एम0सी0आई0 के नवीन मानकों के अनुसार संलग्न तालिका में उल्लिखित चिकित्सा शिक्षकों के 08 अस्थायी पदों को उनके सम्मुख अंकित नियमित वेतनमान में दिनॉक 29-02-2016 तक, बशर्ते कि इससे पूर्व बिना किसी सूचना के समाप्त न कर दिया जाय, सृजित करने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

2- सृजित किये जा रहे नियमित पद के पदधारकों को शासन द्वारा समय-समय पर अनुमन्य महंगाई भत्ता एवं अन्य भत्तें आदि नियमानुसार देय होंगे।

3- सृजित किये जा रहे पदों पर नियुक्ति विभागीय नियमावली एवं समय-समय पर जारी शासनादेशों/ नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए की जाएगी।

4- उक्त पर होने वाला व्यय अनुदान संख्या-83 के अधीन लेखाशीर्षक "2210-चिकित्सा तथा लोक स्वास्थ्य-05-चिकित्सा शिक्षा- प्रशिक्षण तथा अनुसंधान-789-अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना-03-शिक्षा-0305-राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर के वेतनादि सुसंगत इकाइयों के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-3-229/दस-2016, दिनॉक 18 फरवरी, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे है।

संलग्नक:- यथोक्त।

भवदीय

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या:- 22/2016/1993(1)/71-1-2015 तद्यदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
3- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर।
4- कोषाधिकारी, अम्बेडकर नगर।
5- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर।
6- नियोजन अनुभाग-4/समाज कल्याण विभाग।
7- वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-2/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(जयवीर सिंह)
अनु सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।